चंडीगढ़ को स्पोर्ट्स में गौरवान्वित करने वाली कल्पना एवं आरती को सम्मानित किया गया

ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन के द्वारा चंडीगढ़ को स्पोर्ट्स में गौरवान्वित करने के लिए संस्थान के विशेष विद्यालय की छात्रा कल्पना और आरती को सम्मानित किया गया। विदित हो कि कल्पना एक बैडमिंटन खिलाड़ी है और इसने कुल 70 पदक जीते हैं जबकि आरती नेट बॉल खिलाड़ी है और इसने कुल 40 पदक जीते हैं।

चंडीगढ़ को स्पोर्ट्स में सम्मान दिलाने वाली गर्ल्स को नवाजा

चंडीगढ़. स्पोर्ट्स में चंडीगढ़ के लिए अच्छा प्रदर्शन करने वाली 6 सिटी स्टार्स को सम्मानित किया गया और उन्हें ओंकार चैरिटेबल फाउंडेशन ने भविष्य में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए मोटिवेट किया। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट लीगल सर्विसेज एथॉरिटी के सेक्रेटरी अशोक कुमार ने प्लेयर्स को सम्मानित किया। इन खिलाड़ियों में पर्वतारोही रमनजोत कौर(अफ्रीका और यूरोप का सबसे ऊंचे पहाड़ की चढ़ाई, 100 से ज्यादा मे जीते), एथलेटिक्स में जसलीन कौर(90 से ज्यादा मेडल), फेंसर काजल(100 से ज्यादा मेडल) और गदा स्पोर्ट्स एथलीट श्रुति(02 मेडल) के नाम शामिल रहे। इसके अलावा स्पेशल एथलीट्स में शटलर कल्पना(70 मेडल) और नेटबॉल प्लेयर आरती(40 मेडल्स) को सम्मानित किया गया।

तस्वीर में कल्पना (दाएं से तीसरा) और आरती (बाएं से तीसरा)